भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1187

उत्तर देने की तारीख 27 जुलाई, 2026

सोमवार, 5 श्रावण, 1948 (शक)

डिजिटल कौशल विकास मंच

†1187.श्री प्रदीप कुमार सिंह:

श्री प्रवीण पटेल:

श्रीमती अनिता नागरसिंह चौहान:

श्री भर्तृहरि महताब:

श्री भोजराज नाग:

श्री विनोद लखमशी चावड़ा:

श्री रमेश अवस्थी:

श्री दामोदर अग्रवाल:

श्री पी. पी. चौधरी:

श्री सुखजिंदर सिंह रंधावा:

श्री राधेश्याम राठिया:

डॉ. मन्ना लाल रावत:

श्रीमती शोभनाबेन महेन्द्रसिंह बारैया:

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी:

डॉ. संजय जायसवाल:

श्री अरुण गोविल:

सुश्री बाँसुरी स्वराज:

श्री अभिमन्यु सेठी:

श्री लुम्बाराम चौधरी:

श्री हरिभाई पटेल:

श्री बलभद्र माझी:

श्री तापिर गाव:

श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशन:

श्री दिलीप शइकीया:

श्री महेश कश्यप:

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने कौशल वर्धन, नव कौशल वर्धन और कौशल-उन्नयन के लिए कोई डिजिटल मंच विकसित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त मंच पर पंजीकृत शिक्षार्थियों, प्रशिक्षकों, शैक्षिक/प्रशिक्षण संस्थानों और नियोक्ताओं की संख्या कितनी है, और उक्त मंच पर उपलब्ध मुख्य पाठ्यक्रम के नाम क्या हैं और उक्त मंच के माध्यम से पंजाब, ओडिशा और छत्तीसगढ़ राज्यों में, विशेषकर नबरंगपुर और बस्तर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और निर्वाचन क्षेत्र-वार पंजीकृत, प्रशिक्षित, प्रमाणित और नियोजित युवाओं की संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार ने रोजगार क्षमता बढ़ाने, डिजिटल कौशल विकास को सुदृढ़ करने और कौशल प्रमाणन में पारदर्शिता में सुधार करने के लिए शिक्षार्थियों, शिक्षकों, प्रशिक्षकों और प्रशिक्षण संस्थानों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों से लैस करने के लिए कोई विशेष पहल शुरू की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) उक्त पहलों के अंतर्गत लाभान्वित शैक्षणिक संस्थानों, शिक्षकों, प्रशिक्षकों, छात्रों और उम्मीदवारों की संख्या कितनी है और उक्त राज्यों/निर्वाचन क्षेत्रों सहित जारी किए गए कौशल प्रमाणपत्रों की संख्या कितनी है;

(ड.) सरकार द्वारा ग्रामीण, सुदूरवर्ती और आकांक्षी जिलों में नागरिकों के लिए डिजिटल कौशल मंच तक प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं, जिसमें सीमित इंटरनेट कनेक्टिविटी या डिजिटल साक्षरता वाले व्यक्तियों के लिए ऑफलाइन या समुदाय-आधारित सहायता प्रणालियां शामिल हैं और विशेषकर उक्त राज्यों/ निर्वाचन क्षेत्रों में एआई-आधारित कौशल विकास और डिजिटल प्रशिक्षण अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(च) सरकार द्वारा देशभर में डिजिटल कौशल विकास को सुदृढ़ करने, कौशल प्रमाणन में पारदर्शिता लाने और एआई-सक्षम शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए अन्य क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) सरकार ने कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के अंतर्गत कौशल विकास इको सिस्टम के लिए एक डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) स्किल इंडिया डिजिटल हब (सिद्ध) विकसित किया है। 13 सितंबर 2023 को लॉन्च किया गया यह हब संपूर्ण कौशल विकास इको सिस्टम को एक एकीकृत मंच पर लाता है, जिसमें प्रशिक्षण, मूल्यांकन, प्रमाणन, रोजगार और उद्यमिता सेवाएं शामिल हैं। साथ ही, यह प्रशिक्षण प्रदाताओं, नियोक्ताओं और सरकारी योजनाओं को एक सामान्य, अंतरसंचालनीय इको सिस्टम से जुड़ने की सुविधा प्रदान करता है। मोबाइल-फर्स्ट दृष्टिकोण पर निर्मित और राष्ट्रीय करियर सेवा, ईश्रम, डिजिलॉकर और भाशिनी जैसे अन्य सरकारी प्लेटफार्मों के साथ अंतरसंचालनीय सिद्ध सरकार के एक एकीकृत, नागरिक-केंद्रित कौशल विकास इको सिस्टम के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाता है, जो सभी के लिए सुलभ है।

(ख) स्किल इंडिया डिजिटल हब (सिद्ध) के आंकड़ों के अनुसार पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत कुल 35,17,023 शिक्षार्थी, राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन स्कीम (एनएपीएस) के तहत 52,98,397, जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) स्कीम के तहत 10,19,992 और स्किलिंग फॉर एआई रेडीनेस (एसओएआर) पहल के तहत 4,96,755 शिक्षार्थी पंजीकृत हैं। प्लेटफॉर्म पर वैध ट्रेनर आईडी रखने वाले कुल 78,647 प्रशिक्षक पंजीकृत हैं। इसके अलावा, पीएमकेवीवाई 4.0 (अल्पकालिक प्रशिक्षण और विशेष परियोजनाएं) के तहत 13,633 प्रशिक्षण केंद्र,

जेएसएस स्कीम के तहत 296 प्रशिक्षण केंद्र और 13,888 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) सिद्ध से जुड़े हुए हैं। इस प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध प्रमुख पाठ्यक्रमों में पीएमकेवीवाई 4.0 और एनएपीएस के तहत अल्पकालिक कौशल विकास और शिक्षुता कार्यक्रम, जेएसएस के तहत सामुदाय आधारित प्रशिक्षण और एसओएआर के तहत कृत्रिम बुद्धिमत्ता के मूलभूत और व्यावहारिक पाठ्यक्रम शामिल हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के अनुसार, पंजाब, ओडिशा और छत्तीसगढ़ सहित, विशेष रूप से नबरंगपुर और बस्तर लोकसभा क्षेत्रों में, इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से पंजीकृत, प्रशिक्षित/उन्मुख, प्रमाणित और नियोजित युवाओं की संख्या **अनुबंध-क** में दी गई है।

(ग) से (च) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) ने राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) के माध्यम से स्किलिंग फॉर एआई रेडीनेस (एसओएआर) पहल शुरू की है, जिसका उद्देश्य शिक्षार्थियों, शिक्षकों और कार्यबल को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के मूलभूत ज्ञान और व्यावहारिक दक्षताओं से लैस करना है। इस पहल में राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त, एनएसक्यूएफ-अनुरूप, पूरी तरह से ऑनलाइन और स्व-गति से सीखने योग्य एआई पाठ्यक्रम शामिल हैं, जो एनसीवीईटी द्वारा मान्यता प्राप्त पुरस्कार प्रदाता निकायों द्वारा स्किल इंडिया डिजिटल हब (सिद्ध) के माध्यम से संचालित किए जाते हैं। इसके बाद, एसओएआर का विस्तार बुनियादी एआई साक्षरता से आगे बढ़कर एआई और एआई अनुप्रयोग-उन्मुख पाठ्यक्रमों तक किया गया है, जो रोजगार, कार्यस्थल उत्पादकता, क्षेत्र-विशिष्ट अनुप्रयोगों, समावेशिता और अनौपचारिक क्षेत्र के लिए प्रासंगिक एआई अनुप्रयोगों पर केंद्रित हैं। 22 जुलाई 2026 तक, स्किल इंडिया डिजिटल हब (सिद्ध) पर उपलब्ध एसओएआर पाठ्यक्रमों के तहत कुल 4,96,426 शिक्षार्थियों ने नामांकन किया है और 98,576 शिक्षार्थियों को प्रमाणित किया गया है।

सरकार ने ग्रामीण, दूरस्थ और आकांक्षी जिलों के नागरिकों के लिए स्किल इंडिया डिजिटल हब (सिद्ध) सहित डिजिटल कौशल विकास प्लेटफार्मों तक प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने के लिए कई उपाय किए हैं। एसआईडीएच एक ही इंटरफ़ेस के माध्यम से कौशल विकास, प्रमाणन, शिक्षुता और रोजगार संबंधी अवसरों तक पहुंचने के लिए वन-स्टॉप डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करता है।

व्यापक पहुंच और सुगम्यता सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने बहुभाषी जागरूकता अभियान, डिजिटल आउटरीच, पंचायतों और साझा सेवा केंद्रों के माध्यम से सामुदायिक जुटाव, कार्यशालाएं, कौशल जागरूकता गतिविधियां और जमीनी स्तर पर सहायता पहलों सहित एक एकीकृत ऑनलाइन और ऑफलाइन दृष्टिकोण अपनाया है। जिला कौशल समितियां भी स्थानीय कौशल आवश्यकताओं की पहचान करने और ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों में प्रशिक्षण के अवसर उपलब्ध कराने में लगी हुई हैं। इसके अलावा, पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत कौशल केंद्र और जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) स्कीम जैसी पहल लाभार्थियों के समीप कौशल प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करती हैं, जिनमें आकांक्षी, पिछड़े और दूरस्थ क्षेत्र भी शामिल हैं।

एआई-आधारित कौशल विकास और डिजिटल प्रशिक्षण अवसंरचना को मजबूत करने के लिए, सरकार कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स, क्लाउड कंप्यूटिंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, डेटा एनालिटिक्स, साइबर सुरक्षा और ग्रीन प्रौद्योगिकीयों जैसी उभरती प्रौद्योगिकीयों में कौशल विकास को बढ़ावा दे रही है। देश भर में उद्योग-प्रासंगिक और भविष्य के लिए तैयार कौशलों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल और मिश्रित शिक्षण मॉडल, उद्योग साझेदारी और निरंतर कौशल उन्नयन एवं पुनः कौशल विकास पहलों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

इसके अलावा, स्किल इंडिया डिजिटल हब (सिद्ध) के माध्यम से देशभर में एआई-आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए स्किलिंग फॉर एआई रेडीनेस (एसओएआर) पहल को पूरी तरह से ऑनलाइन, स्व-गति से सीखने वाले एआई लर्निंग प्रोग्राम के रूप में तैयार किया गया है। ये पाठ्यक्रम एनएसएफ़क्यू के अनुरूप हैं और राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क (एनसीआरएफ़) के तहत क्रेडिट से जुड़े हुए हैं। क्रेडिट को अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स (एबीसी) के साथ एकीकृत किया गया है ताकि सीखने के परिणामों की पारदर्शी मान्यता और संचय को सुगम बनाया जा सके। इससे शिक्षार्थी देश में कहीं से भी राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त एआई पाठ्यक्रमों तक पहुंच सकते हैं, साथ ही कौशलीकरण इको सिस्टम में सुवाह्यता, पारदर्शिता और आजीवन सीखने को बढ़ावा मिलता है।

अनुबंध-क

दिनांक 27.07.2026 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1187 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार नामांकित और प्रमाणित उम्मीदवारों की संख्या

टीसी राज्य	नामांकित उम्मीदवारों की संख्या					प्रमाणित उम्मीदवारों की संख्या				
	एसओएआर	पीएमकेवीवाई 4.0	एनएपीएस	जेएसएस	आईटीआई	एसओएआर	पीएमकेवीवाई 4.0	एनएपीएस	जेएसएस	आईटीआई
अंडमान व निकोबार बार द्वीप समूह	326	2,320	569	3,597	2,148	64	1,053	188	3,590	743
आंध्र प्रदेश	33,140	1,07,607	1,17,246	21,564	1,57,228	5,817	47,345	23,245	21,552	46,688
अरुणाचल प्रदेश	391	19,924	446	-	2,099	104	7,025	71	-	793
असम	11,556	1,78,170	53,738	21,637	15,306	2,720	72,075	8,870	21,595	5,633
बिहार	32,660	1,53,331	37,050	74,504	3,58,672	5,210	79,922	6,327	72,269	88,314
चंडीगढ़	633	1,815	7,022	3,232	3,156	123	913	1,233	2,962	1,416
छत्तीसगढ	8,010	32,354	32,728	50,505	70,433	1,444	16,089	14,891	50,283	28,867
दिल्ली	15,842	35,112	1,33,771	5,634	30,626	2,448	17,074	9,203	5,594	11,910
गोवा	690	494	49,960	10,774	6,820	169	339	4,065	10,743	2,688
गुजरात	18,103	81,501	5,65,729	3,519	2,68,055	3,199	37,567	1,06,241	3,498	90,285
हरियाणा	16,587	1,41,757	3,99,524	29,440	1,59,886	3,475	80,072	91,408	29,316	57,587
हिमाचल प्रदेश	4,351	37,497	48,947	6,770	59,145	943	19,868	5,188	6,578	25,551
जम्मू और कश्मीर	8,508	1,49,598	5,878	37,037	26,777	2,033	92,376	1,012	36,811	10,847
झारखंड	10,106	47,499	59,921	2,977	1,28,702	1,531	26,521	24,061	2,856	31,108
कर्नाटक	20,481	1,20,988	4,47,703	44,099	2,15,010	4,446	61,903	57,117	43,933	54,491
केरल	8,784	28,861	78,383	42,986	93,773	1,866	10,946	29,481	42,957	38,201
लद्दाख	78	1,331	204	32,228	1,164	13	526	87	32,129	498
लक्षद्वीप	11	120	59	717	911	0	0	44	717	460
मध्य प्रदेश	24,454	3,98,725	1,49,759	1,924	2,22,503	3,934	2,13,734	29,991	1,924	59,989
महाराष्ट्र	71,075	1,60,552	13,46,717	1,04,099	3,74,708	14,226	74,927	2,25,703	1,03,805	1,27,192
मणिपुर	1,553	31,935	609	75,193	2,427	625	15,539	24	74,840	867
मेघालय	647	16,653	1,212	14,659	2,706	136	6,242	136	14,524	1,073
मिजोरम	133	14,142	473	3,539	984	22	6,026	16	3,539	369
नागालैंड	256	18,296	176	1,885	943	48	7,044	9	1,864	406
ओडिशा	13,695	68,274	61,896	3,100	1,82,004	2,225	31,506	21,858	3,080	45,574
पुदुचेरी	597	7,844	17,048	-	2,195	143	3,602	1,759	-	672
पंजाब	9,159	1,78,045	96,176	1,04,612	1,28,614	1,757	1,10,297	16,204	1,04,387	45,201
राजस्थान	22,656	3,80,574	1,15,488	6,618	2,89,003	3,885	2,51,836	19,285	6,615	77,125
सिक्किम	204	7,108	2,249	-	1,096	23	1,962	114	-	409
तमिलनाडु	23,161	1,62,257	5,41,317	31,834	1,15,712	5,526	99,847	49,263	31,750	35,375
तेलंगाना	16,176	61,604	2,27,138	30,942	1,03,614	3,268	32,740	45,428	30,665	24,620
दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	3,004	2,067	14,708	21,780	2,571	861	1,374	700	21,755	1,011
त्रिपुरा	2,144	32,513	2,771	7,047	7,406	818	14,196	459	7,018	2,080
उत्तर प्रदेश	86,453	6,91,315	4,10,215	1,65,567	10,35,939	15,576	4,12,151	63,435	1,64,474	2,15,610
उत्तराखंड	6,145	61,938	1,15,059	28,662	31,686	1,147	34,419	12,073	28,627	8,867
पश्चिम बंगाल	24,986	82,902	1,56,508	27,311	1,26,750	4,779	40,156	23,449	27,200	43,515
कुल	**4,96,755**	**35,17,023**	**52,98,397**	**10,19,992**	**42,30,772**	**94,604**	**19,29,212**	**8,92,638**	**10,13,450**	**11,86,035**

दिनांक 30.06.2026 तक सिद्ध रिपोर्ट के अनुसार, छत्तीसगढ़, ओडिशा और पंजाब के लिए पीएमकेवीवाई 4.0 जिलेवार अद्यतन स्थिति :

टीसी राज्य	टीसी जिला	प्रशिक्षण केंद्र (एसटीटी+एसपी)	अल्पकालिक प्रशिक्षण (एसटीटी+एसपी)			पूर्व अधिगम मान्यता (आरपीएल)			कुल नामांकित	कुल प्रशिक्षित/ अभिविन्यस्त
			नामांकित	प्रशिक्षित/ अभिविन्यस्त	प्रमाणित	नामांकित	प्रशिक्षित/ अभिविन्यस्त	प्रमाणित		
छत्तीसगढ	बालोद	2	153	138	91	181	181	76	334	319
छत्तीसगढ	बलौदाबाजार-भाटापारा	4	475	312	160	-	-	-	475	312
छत्तीसगढ	बलरामपुर-रामानुजगंज	2	1,530	1,050	957	-	-	-	1,530	1,050
छत्तीसगढ	बस्तर	12	1,645	1,276	1,013	70	50	31	1,715	1,326
छत्तीसगढ	बेमेतरा	4	472	456	316	-	-	-	472	456
छत्तीसगढ	बीजापुर	4	725	460	159	-	-	-	725	460
छत्तीसगढ	बिलासपुर	12	1,555	1,204	419	467	-	-	2,022	1,204
छत्तीसगढ	दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा	6	397	307	205	-	-	-	397	307
छत्तीसगढ	धमतरी	7	638	638	308	510	510	332	1,148	1,148
छत्तीसगढ	दुर्ग	16	2,294	1,648	759	757	757	466	3,051	2,405
छत्तीसगढ	गरियाबंद	2	838	687	456	-	-	-	838	687
छत्तीसगढ	गौरेला-पेंड्रा-मरवाही	1	401	191	185	-	-	-	401	191
छत्तीसगढ	जांजगीर-चांपा	6	1,591	1,129	511	-	-	-	1,591	1,129
छत्तीसगढ	जशपुर	4	1,271	967	721	-	-	-	1,271	967
छत्तीसगढ	कबीरधाम	4	445	359	244	-	-	-	445	359
छत्तीसगढ	कोंडागांव	5	650	537	307	-	-	-	650	537
छत्तीसगढ	कोरबा	7	1,083	933	553	-	-	-	1,083	933
छत्तीसगढ	कोरिया	6	1,234	910	659	-	-	-	1,234	910
छत्तीसगढ	महासमुंद	13	1,424	1,348	876	41	41	-	1,465	1,389
छत्तीसगढ	मुंगेली	3	350	294	115	69	68	54	419	362
छत्तीसगढ	नारायणपुर	3	279	279	118	-	-	-	279	279
छत्तीसगढ	रायगढ़	5	1,133	982	587	-	-	-	1,133	982
छत्तीसगढ	रायपुर	19	1,608	1,108	527	138	120	57	1,746	1,228
छत्तीसगढ	राजनांदगांव	14	1,965	1,837	1,046	942	918	612	2,907	2,755
छत्तीसगढ	सुकमा	2	87	85	42	-	-	-	87	85
छत्तीसगढ	सूरजपुर	11	2,695	2,275	1,849	-	-	-	2,695	2,275
छत्तीसगढ	सरगुजा	5	2,057	1,472	1,223	-	-	-	2,057	1,472
छत्तीसगढ	उत्तर बस्तर कांकेर	4	184	125	55	-	-	-	184	125
ओडिशा	अंगुल	7	1,027	976	635	-	-	-	1,027	976
ओडिशा	बलांगीर	7	1,809	1,268	623	-	-	-	1,809	1,268
ओडिशा	बालासोर	10	2,881	1,953	1,091	1,114	986	632	3,995	2,939
ओडिशा	बरगढ़	5	1,775	1,216	695	-	-	-	1,775	1,216
ओडिशा	भद्रक	5	508	452	340	-	-	-	508	452
ओडिशा	बौद्ध	4	1,481	1,023	428	288	152	118	1,769	1,175
ओडिशा	कटक	13	1,741	1,384	747	1,413	1,309	895	3,154	2,693
ओडिशा	देवगढ़	1	34	34	-	29	29	-	63	63
ओडिशा	ढेंकनाल	11	1,782	1,400	821	843	763	384	2,625	2,163
ओडिशा	गजपति	3	1,126	932	588	1,315	1,248	750	2,441	2,180
ओडिशा	गंजम	11	4,948	2,925	2,232	2,767	2,763	2,378	7,715	5,688

ओडिशा	जगतसिंहपुर	6	1,138	837	585	1,042	935	473	2,180	1,772
ओडिशा	जाजपुर	5	220	100	64	294	284	144	514	384
ओडिशा	झारसुगुड़ा	1	20	20	20	-	-	-	20	20
ओडिशा	कालाहांडी	2	46	43	24	92	92	-	138	135
ओडिशा	कंधमाल	6	1,706	1,105	839	370	340	183	2,076	1,445
ओडिशा	केंद्रपाड़ा	7	2,351	1,299	700	865	714	389	3,216	2,013
ओडिशा	क्योंझर	4	980	412	12	133	133	81	1,113	545
ओडिशा	खुर्दा	43	8,661	6,463	3,956	677	661	360	9,338	7,124
ओडिशा	कोरापुट	5	1,568	936	396	132	122	47	1,700	1,058
ओडिशा	मल्कनगिरी	4	1,132	601	472	-	-	-	1,132	601
ओडिशा	मयूरभंज	25	3,275	2,422	972	394	291	277	3,669	2,713
ओडिशा	नबरंगपुर	3	1,671	1,012	929	-	-	-	1,671	1,012
ओडिशा	नयागढ़	8	1,886	1,401	1,041	292	237	174	2,178	1,638
ओडिशा	नुआपाड़ा	3	1,937	1,380	1,274	73	48	-	2,010	1,428
ओडिशा	पुरी	10	1,229	840	355	2,206	1,862	1,383	3,435	2,702
ओडिशा	रायगड़ा	11	2,291	1,688	1,071	886	886	529	3,177	2,574
ओडिशा	संबलपुर	8	663	575	307	178	177	112	841	752
ओडिशा	सुबर्णपुर	3	1,180	788	434	-	-	-	1,180	788
ओडिशा	सुंदरगढ़	11	1,734	1,110	504	71	65	42	1,805	1,175
पंजाब	अमृतसर	24	13,629	8,408	5,565	-	-	-	13,629	8,408
पंजाब	बरनाला	13	2,342	1,982	1,586	309	197	186	2,651	2,179
पंजाब	बठिंडा	56	14,483	11,711	9,620	-	-	-	14,483	11,711
पंजाब	फरीदकोट	22	6,572	5,006	2,786	-	-	-	6,572	5,006
पंजाब	फतेहगढ़ साहिब	4	322	267	205	-	-	-	322	267
पंजाब	फ़ाज़िल्का	66	15,737	14,951	13,684	2,969	2,719	2,110	18,706	17,670
पंजाब	फिरोजपुर	40	8,241	7,217	5,814	1,834	1,555	1,151	10,075	8,772
पंजाब	गुरदासपुर	20	3,327	3,085	2,562	45	-	-	3,372	3,085
पंजाब	होशियारपुर	13	3,731	2,942	1,999	585	536	417	4,316	3,478
पंजाब	जालंधर	37	12,359	7,854	5,878	1,295	1,156	698	13,654	9,010
पंजाब	कपूरथला	7	1,847	1,488	1,073	1,000	940	580	2,847	2,428
पंजाब	लुधियाना	57	11,898	9,966	8,652	3,197	2,766	1,866	15,095	12,732
पंजाब	मानसा	45	13,094	11,179	9,935	-	-	-	13,094	11,179
पंजाब	मोगा	44	9,895	7,642	6,332	1,436	1,436	577	11,331	9,078
पंजाब	पठानकोट	15	4,174	2,855	2,190	480	480	62	4,654	3,335
पंजाब	पटियाला	38	9,891	8,008	6,021	3,829	2,679	1,702	13,720	10,687
पंजाब	रूपनगर	13	2,393	2,292	1,628	-	-	-	2,393	2,292
पंजाब	एसएएस नगर	22	4,040	3,250	1,915	755	701	320	4,795	3,951
पंजाब	संगरूर	35	7,907	6,685	5,412	375	240	236	8,282	6,925
पंजाब	शहीद भगत सिंह नगर	11	3,939	1,821	1,169	-	-	-	3,939	1,821
पंजाब	श्री मुक्तसर साहिब	28	6,785	5,630	4,675	980	666	556	7,765	6,296
पंजाब	तरन तारन	9	2,081	1,443	990	269	249	145	2,350	1,692
कुल	-	**1,044**	**2,40,666**	**1,85,284**	**1,36,307**	**38,007**	**33,062**	**21,585**	**2,78,673**	**2,18,346**

*****